'आजादी का अमृत महोत्सव'
'मेरी माटी, मेरा देश'
अतिमहत्वपूर्ण
संख्या-253 / 2023/ 3462/चार-2023

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
नगर विकास/नागरिक सुरक्षा/प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण/
पंचायती राज/परिवहन/ग्राम्य विकास/खेल/सैनिक कल्याण/गृह/
बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा/सूचना एवं जनसम्पर्क/
वन विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
3- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभागः **लखनऊः दिनांकः 08 अगस्त, 2023**

विषयः- 'आजादी का अमृत महोत्सव योजना के समापन समारोह में प्रदेश में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अद्यतन दिशा-निर्देश।

महोदय,

कृपया उल्लिखित विषय के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-3322/चार-2023, दिनांक 31 जुलाई, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' योजना के अन्तर्गत समारोह में प्रदेश में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2- इस सम्बन्ध में सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 07 अगस्त, 2023 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्राप्त फीडबैक के अनुसार अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत् संशोधित दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं :-

I. 'मेरी माटी, मेरा देश अभियान' के पॉच प्रमुख अवयव- शिलाफलकम् की स्थापना, पंच प्रण की शपथ, वसुधा-वन्दन, वीरों का वन्दन, ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के गायन के आयोजन दिनांक 09 से 15 अगस्त, 2023 के मध्य किसी एक दिन किया जायेगा। उल्लिखित कार्यक्रम सम्पूर्ण अभियान के महत्वपूर्ण अंग हैं। अतएव इनका आयोजन प्रत्येक ग्राम/पंचायत मुख्यालय, विकास खण्ड, समस्त नगर निकायों, जनपद एवं राज्य मुख्यालय के प्रमुख स्थलों, पर गरिमामय रूप से, आयोजित किये जायें।

II. 'पंच प्रण' की शपथ मिट्टी/मिट्टी का दिया हाथ में लेकर ली जाये तथा उसकी सेल्फी अभियान से जुड़ी वेबसाइट www.yuva.gov.in पर अपलोड की जाये। इस अवसर पर पूर्व में निर्गत किये गये शासनादेश के अनुरूप 'वसुधा-वन्दन' कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत उद्यान में 75 पौधों का रोपण, स्थानीय मान्यताओं एवं परम्पराओं के अनुरूप 'वीरों का वन्दन' कार्यक्रम

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

के अन्तर्गत शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाये। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं ध्वजारोहण के साथ किया जाये।

III. शिलाफलकम् की स्थापना विद्यालय प्रांगण में की जाये। इस अवसर पर विद्यालयों में सभा आयोजित कर विद्यार्थियों को वीरों की वीरता एवं उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं के सम्बन्ध में शिक्षकों/वीरों के परिजनों/जन- प्रतिनिधियों के सम्बोधन के माध्यम से अवगत कराया जाये।

3- अभियान की व्यापक सफलता हेतु अमृत कलश यात्रा को वर्तमान में स्थगित करते हुए इस सम्बन्ध में पृथक से दिशा-निर्देश एवं तिथि का निर्धारण करते हुए आदेश निर्गत किये जायेंगे।

4- 'पंच प्रण' का प्रारूप एवं शिलाफलकम् पर उत्कीर्ण किया जाने वाला 'मा0 प्रधानमंत्री जी का कथन सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न है। (संलग्नक-1 व 2)

अतएव इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही करते हुए 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान को सफल बनाने हेतु अपना योगदान सुनिश्चित करें।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
दुर्गा शंकर मिश्र
मुख्य सचिव

संख्या-253 / 2023/ 3462/चार-2023, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः-

1- अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
2- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्रीगण/मा0 मंत्रीगण/मा0 राज्यमंत्रीगण, उ0प्र0।
3- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उल्लिखित अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
4- निदेशक, संस्कृति निदेशालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उत्सवधर्मितापूर्ण आयोजनों के अनुकूल कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायें व उन्हें मूर्त रूप दिये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।
5- गार्ड बुक।

आज्ञा से,
मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अनुलग्नक-1

पंच प्रण शपथ

हम शपथ लेते हैं कि ....

- भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।
- गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।
- देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे।
- भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे।
- नागरिक होने का कर्तव्य निभायेंगे।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अनुलग्नक-2

मा0 प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन का उद्धरण

''एक-एक दिन, जीवन का प्रत्येक क्षण, शरीर का प्रत्येक कण, मातृभूमि के लिए जीना ही आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।''

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।